केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

सहा.कार्य.अभि. / सहा. अभि./ सहा. निदे. (उद्यान) के लिए

विभागीय परीक्षा

लेखा-III (बिना पुस्तकों के) – 2021

समयः 3 घंटे पूर्णांकः 100

नोटः 1- किसी भी 10 प्रश्नों के उत्तर दें।

2- सभी प्रश्नों के अंक समान है।

1. तीन बोली (पात्रता, तकनीकी बोली एवं कीमत) और 2 लिफाफा बोली प्रणाली में, बोली प्रस्तुत करने बाद, यदि बोली लगाने वाला तकनीकी बोली के मूल्याकंन के दौरान और बोली की कीमत खुलने के पहले, अपनी बोली वापस लेने के लिए पत्र भेजता है तो बताएं कि बोली लगाने वाले के विरूद्ध पीडब्ल्यूडी-6, पीडब्ल्यूडी-7/8 एवं संविदा की सामान्य शर्तो में दर्शाई क्लाजेज के अनुसार क्या कार्रवाई की जा सकती है।
2. कार्य के पूर्ण होने के पश्चात एवं दोष दायित्व अवधि के पूर्ण होने के पूर्व मुख्य तकनीकी परीक्षक के निरीक्षण के दौरान परीक्षण में यह पाया गया कि कार्य की काफी सामग्री संविदा में अनुबंधित विनिर्देशों से निचले स्तर की हैं। विस्तृत प्रक्रिया और पीडब्ल्यूडी-6, पीडब्ल्यूडी-7/8 एवं संविदा की सामान्य शर्तो की क्लाजेज को बताएं जिनका प्रयोग कर दोष सुधार किया जा सके।
3. वर्क्स / गुड्स / सर्विसेज के प्रापण के लिए भुगतान करने हेतु प्रयोग में लाए जाने वाले विभिन्न फार्म बताएं, अर्थात प्रत्येक फार्म पर संक्षिप्त विवरणी सहित नाम एवं फार्म संख्या बताएं।
4. गुड्स, सर्विसेज और वर्क्स के प्रापण के लिए 2 बोली प्रणाली एवं 2 स्टेज बोली पद्धति बताएं तथा इन्हें किन परिस्थितियों में अपनाया जाए।
5. कार्य निष्पादन, सामग्री आपूर्ति और परामर्श कार्य की व्यवस्था के लिए परामर्शदाता / ठेकेदार / एजेंसी के चयन हेतु उन परिस्थितियों सहित जिनके अन्तर्गत इनका प्रयोग किया जाए न्यूनतम लागत चयन (एल सी एस) और गुणवत्ता तथा लागत आधारित चयन (क्यू सी बी एस) की परिभाषा बताएं।
6. डिस्मैन्टल्ड सामग्री के निपटान के लिए अपनाइ जाने वाली प्रक्रियाएं बताएं ; निपटान के तरीकों के संक्षिप्त विवरण सहित तथा किन परिस्थितियों में इन तरीकों को अपनाया जाए।
7. मैटिरियल परचेज सेटलमेंट सस्पेंस अकाउन्ट (एमपीएसएसए) और कैश सेटलमेंट सस्पेंस अकाउन्ट (सीएसएसए) के बीच अन्तर सहित व्याख्या करें।
8. बोली प्रतिभूति (बयाना जमा राशि), निष्पादन गारंटी, प्रतिभूति जमा, वाटर प्रूफिंग कार्य के लिए गारंटी, मोबिलाइजेशन अग्रिम के लिए गारंटी, इनके बीच के अन्तर को समझाते हुए परिभाषित करें।
9. परसेन्टेज/आइटम दर बोली के लिए यदि दो निविदाकारों की बोली समान एवं न्यूनतम है तब न्यूनतम निविदाकार निश्चित करने के लिए अपनाए जाने वाली प्रक्रिया कालक्रम अनुसार बताएं।
10. मध्यस्थ की तैनाती के लिए क्लाज 25 लागू करने से पूर्व ठेकेदार द्वारा अपनी शिकायत दूर करने के लिए क्या कार्रवाई की जानी चाहिए ? बताएं।
11. कृपया बताएं कि सहायक अभियंताओं / सहायक कार्यपालक अभियंताओं / सहायक निदेशकों (उद्यान) द्वारा चल लेखा बिल, अन्तिम बिल, निष्पादन गारंटी एवं प्रतिभूति जमा, कार्यपालक अभियंता / उपनिदेशकों (उद्यान) को भुगतान के लिए प्रस्तावित करने के पूर्व संविदा की सामान्य शर्तो के क्लाज 19 के प्रावधानों के अन्तर्गत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए क्या सावधानियां बरतनी चाहिए ?
12. मोबिलाइजेशन अग्रिम , प्रतिभूति जमा, किया गया परन्तु मापा नहीं गया कार्य के लिए अग्रिम, प्रतिभूति जमा रिलीज करने, निष्पादन गारंटी रिलीज करने के लिए प्रस्ताव देने के पूर्व सहायक अभियंताओं / सहायक निदेशकों (उद्यान) को क्या सावधानिया बरतनी चाहिए ?